>

Title: Need to ensure the safety of those villages, towns and surrounding areas who are situated near ammunition depots of defence establishments.

**श्री सुरेश वाघमारे (वर्धा):** महोदय, देश में रक्षा विभाग द्वारा स्थापित डिपो में जो अवघात होते हैं इससे उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए गांव, कस्बे और क्षेतृ में सुरक्षा के उपाय किया जाना बहुत आवश्यक है। इसके बारे में कई बार मांग की गई लेकिन वह नहीं हो पाया। मेरे संसदीय क्षेतृ वर्धा में पुलगांव डिपो है, जहां तीन बार एक्सीडेंट हुए हैं, बम फटने की वजह से आग लगी। ऐसी स्थिति में गांव को खाली करने का काम करना पड़ा तब गांव में भागदौड़ मची जिसकी वजह से एक-दो लोगों की जानें गई। लेकिन अभी तक वहां सुरक्षा व्यवस्था के उपाय नहीं हो पाए हैं। अतः मै सरकार से और संबंधित विभाग से अनुरोध करता हूं कि ऐसे गांव जो, उस डिपो के समीप हैं,वहां सुरक्षा के उपाय और सुविधाएं करना बहुत आवश्यक है। कई गांवों में बिजली, सड़क, पानी की भी सुविधाएं नहीं हैं। मैं अनुरोध करता हूं कि ये सब सुविधाएं डिपो से लगे हुए सभी गांवों में उपलब्ध कराएं और उन गांव के लोगों को राहत दें।